## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 03.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।









# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 03.06.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 03.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकांत गोंड के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी है।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 03.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण हेतु पुलिस लाइन का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया गया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

### महोबा पुलिस प्रतिबद्ध है – अनुशासित, दक्ष एवं सशक्त आरक्षियों के निर्माण हेतु...






आज दिनांक- 03.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा आगामी रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यापक तैयारियों के दृष्टिगत पुलिस लाइन, महोबा परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन भौतिक निरीक्षण एवं समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आरक्षी बैरकों की वर्तमान स्थिति, मेस की व्यवस्था, निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं सुरक्षा संबंधित व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने प्रशिक्षण में आने वाले नव आरक्षियों के ठहरने हेतु बैरकों की व्यवस्थाएं, खानपान हेतु मेस की सुव्यवस्था, क्लासरूम की तैयारी, शौचालय एवं स्नानगृह की स्वच्छता व्यवस्था तथा इंडोर व आउटडोर ट्रेनिंग हेतु आवश्यक संसाधनों एवं संरचनाओं की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण शुरू होने से पूर्व समस्त व्यवस्थाओं को पूर्णतया क्रियाशील एवं मानक के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


उल्लेखनीय है कि जनपद महोबा में जेटीसी प्रशिक्षण हेतु कुल 411 रिक्रूट (62 महिला एवं 349 पुरुष) आवंटित किये गये हैं तथा आरटीसी प्रशिक्षण हेतु कुल 250 पुरुष रिक्रूट आवंटित किये गये हैं जिनको पुलिस लाइन महोबा में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, आरआई श्री शिवकुमार, कार्यदायी संस्था के पदाधिकारीगण तथा संबंधित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# Meticulous Investigation & Prosecution

#OperationConviction @MahobaPolice

## "एक राय होकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालीगलौज कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले 05 नफर अभियुक्तों को 03-03 वर्ष के कारावास व 02-02 हजार रुपये के जुर्माने की मिली सजा।



- श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "Operation Conviction" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी के क्रम में मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा "मारपीट, गाली गलौज एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गंभीर चोट पहुंचाने" से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोग में आरोपी 05 नफर अभियुक्तों को दोषसिद्ध घोषित करते हुए दण्डित किया गया है।
- विवरण निम्नवत है:-

थाना पनवाड़ी में पंजीकृत मु.अ.सं. 205/15 धारा- 147/148/149/323/308 व SC/ST Act. से सम्बन्धित 05 नफर अभियुक्तगण क्रमश: 1.राजू पुत्र हरगोपाल पाल 2.जिलालाल पुत्र नन्दोला 3.लाले उर्फ डाडले पुत्र परसदवा 4.हरचरन पुत्र काशीराम पाल 5.परमलाल पुत्र झंडूला ढीमर नि.गण. स्योढी थाना पनवाडी जनपद महोबा को 03-03 वर्ष के कारावास व 02-02 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है।



प्रमोद कुमार पालीवाल
विशेष लोक अभियोजक



हे0कां0 लालता प्रसाद
पैरोकार- थाना पनवाड़ी



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# अज्ञात शव की शिनाख्त हेतु सूचना



दिनांक: 31.05.2025 को बस स्टॉप, कुलपहाड़, थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा में एक अज्ञात युवक की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। अनेक प्रयासों के बावजूद अब तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। कृपया नीचे दिए गए विवरण के आधार पर पहचान करने में सहायता करें:

**मृतक का विवरण:**

**उम्र:** लगभग 26 वर्ष **रंग:** सावला **चेहरा:** गोल

**शारीरिक बनावट:** औसत कद-काठी **लंबाई:** 5 फीट 8 इंच

**पहनावा:** काली जीन्स पैंट, गुलाबी रंग की शर्ट, स्लेटी रंग का बेल्ट

यदि आपको उक्त व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी हो, तो कृपया निम्नलिखित नम्बरों पर तत्काल संपर्क करें:

- जांच अधिकारी: 6387589802
- प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़: 9454403888
- क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़: 9454401364

@MahobaPolice

आपसे निवेदन है कि इस सूचना को अधिक से अधिक साझा करें, जिससे मृतक की शिनाख्त की जा सके और उसके परिजनों तक सूचना पहुँचाई जा सके।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 03.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में चला यातायात जागरूकता एवं चेकिंग अभियान, वाहन चालकों को सिखाया गया सुरक्षा का पाठ...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस जनपद महोबा द्वारा सतत जागरूकता एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 03.06.2025 को प्रभारी यातायात, श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया तथा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध सीज/चालान की कार्यवाही की गई।

यातायात पुलिस टीम द्वारा लोगों से अपील की गई कि वे वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा मानकों का पालन करें और अन्य नियमों का गंभीरता से अनुपालन करें। पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों को संदेश दिया गया कि सड़क पर सुरक्षित चलना न केवल स्वयं के लिए, बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

**महोबा पुलिस की जनमानस से अपील:**

कृपया यातायात नियमों का पालन करें, जल्दबाज़ी में जान जोखिम में न डालें, स्वयं का व अपने परिजनों का जीवन सुरक्षित रखें।











